# अब क्यूबा पर ट्रंप ने दिखाए तेवर

## विदेश मंत्री रुबियो की खुली चेतावनी



**वॉशिंगटन 4 जनवरी. दक्षिण अमेरिका में अमेरिका की रणनीति को लेकर नई हलचल तेज हो गई है.**

वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के बाद अब क्यूबा को लेकर भी ट्रंप प्रशासन के तेवर सख्त होते दिख रहे हैं. अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बयान ने संकेत दिए हैं कि अमेरिका अब दक्षिण अमेरिकी और कैरेबियाई देशों पर दबाव की नीति और तेज कर सकता है. क्यूबा को लेकर दी गई चेतावनी ने क्षेत्रीय राजनीति में चिंता बढ़ा दी है. वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन से जुड़े घटनाक्रम के बाद अब अमेरिका ने क्यूबा को लेकर भी कड़े संकेत दिए हैं. अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने क्यूबा की सरकार को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के बाद अगर वह हवाना की सरकार का हिस्सा होते, तो निश्चित तौर पर चिंतित होते.

### सैन्य हस्तक्षेपों की याद ताजा

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के मादुरो की गिरफ्तारी ने लैटिन अमेरिका में दशकों पुराने अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेपों की याद ताजा कर दी है. 20 दिसंबर 1989 की याद दिलाता है, जब अमेरिका ने पनामा में आधी रात को सैन्य अभियान चलाकर जनरल मैनुअल नोरीगा को पकड़ लिया था. 3 जनवरी 2026 को जब अमेरिका जागा, तो उसे एक बार फिर 'डेजा वू' का अनुभव हुआ. ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी वायु, थल और नौसैनिक बलों के संयुक्त रात्रिकालीन अभियान में मादुरो दंपति को वेनेजुएला की राजधानी काराकस से हिरासत में लेकर सुरक्षित बाहर निकाला गया.

### मस्क ने ट्रंप को दी बधाई

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वैश्विक राजनीति में हलचल तेज हो गई है. दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सार्वजनिक रूप से बधाई देते हुए इसे वैश्विक जीत करार दिया है. मस्क का यह बयान न केवल अमेरिका की कार्रवाई का समर्थन करता है, बल्कि दुनिया भर के तानाशाहों के लिए एक कड़ा संदेश भी माना जा रहा है.

# कानून का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे

## सीजेआई सूर्यकांत ने दीक्षांत समारोह में कहा



**पटना, 4 जनवरी. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि कानून का लाभ केवल उन लोगों तक सीमित नहीं होना चाहिए जो आर्थिक रूप से इसे वहन कर सकते हैं, बल्कि यह उन लोगों के दरवाज़े तक भी पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत है.**

बिहार की राजधानी पटना के चाणक्य राष्टीय विधि विश्वविद्यालय (सीएनएलयू) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायधीश सूर्यकांत ने कहा कि कानून सिर्फ उन्हीं के लिए नहीं है जो आर्थिक रूप से इसे वहन कर सकें, बल्कि इसका लाभ हर उस व्यक्ति को मिलना चाहिए, जिसे इसकी जरूरत है. उन्होंने कहा कि सवाल यह नहीं है कि कोई विधि स्नातक कानून की पढ़ाई करता है बल्कि यह ज्यादा मायने रखता है कि इसकी पढ़ाई के बाद क्या वह न्याय से उन समुदायों की मदद करता है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक ज़रूरत है. मुख्य न्यायाधीश ने दीक्षांत समारोह में उनके हाथों उपाधि प्राप्त कर रहे युवा विधि स्नातकों से कहा कि चाहे आप वकालत, लोक सेवा, शिक्षण या कोई अन्य मार्ग चुनें, इस तथ्य को कभी न भूलें कि कानून अपनी वैधता उन लोगों से प्राप्त करता है, जिनकी वह रक्षा करता है.

उन्होंने कहा कि जब आप अपनी क्षमताओं का उपयोग अनसुनी आवाज़ों को स्वर देने और उपेक्षितों को गरिमा प्रदान करने में करते हैं, तो आप न केवल अपनी शिक्षा बल्कि संविधान का भी सम्मान करते हैं. सीजेआई ने युवा विधि स्नातकों से अपने पेशेवर जीवन में अपने सहपाठियों और वरिष्ठों से मिले मूल्यों और ज्ञान को ध्यान में रखने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि पेशे विविध हो सकते हैं और कभी-कभी अप्रत्याशित भी, लेकिन कक्षा में मिली शिक्षा को सदैव स्मरण में रखना चाहिए.



## बाड़मेर, बालोतरा जिलों की सीमाओं में फेरबदल तर्कसंगत नहीं : गहलोत

**जयपुर.** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बाड़मेर और बालोतरा जिलों की सीमाओं में फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टिकोण से तर्कसंगत नहीं बताते हुए इसे राज्य सरकार का तुगलकी फरमान बताया. उन्होंने कहा कि बाड़मेर और बालोतरा जिलों की सीमाओं में गत 31 दिसंबर की मध्यरात्रि को आनन-फानन में किया गया फेरबदल राज्य सरकार का एक और तुगलकी फरमान है.




## श्रीनगर-लद्दाख में सड़कों पर आवाजाही बाधित

**नई दिल्ली, 4 जनवरी.** नए साल की शुरुआत में हिमालयी राज्यों में बर्फबारी ने वातावरण को शीतलहर में बदल दिया है. जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, लद्दाख और गुलमर्ग-सोनमर्ग क्षेत्रों में बर्फ की मोटी चादर जम गई है. सड़कों पर आवाजाही बाधित होने के बावजूद पर्यटक इन सफेद वादियों का आनंद ले रहे हैं.

# सीरिया में आईएस के संदिग्ध हथियार भंडार पर की बमबारी

**लंदन, 4 जनवरी. ब्रिटिश एवं फ्रांसीसी वायु सेनाओं ने शनिवार शाम सीरिया में एक संयुक्त अभियान चलाकर इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह द्वारा पहले उपयोग किए गए एक संदिग्ध भूमिगत हथियार भंडारण स्थल पर बमबारी की.**




यह जानकारी ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने दी. मंत्रालय ने शनिवार रात एक बयान में कहा कि ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स के विमानों ने प्राचीन स्थल पल्मायरा से कुछ मील उत्तर पहाड़ों में एक भूमिगत सुविधा की पहचान की. उसने साथ ही यह भी कहा कि इस सुविधा का उपयोग संभवतः हथियारों एवं विस्फोटकों के भंडारण के लिए किया जाता था. बयान में कहा गया कि ब्रिटिश वायु सेना ने सुविधा केंद्र तक जाने वाली कई सुरंगों को निशाना बनाने के लिए पेववे ढ्ढ्ढ निर्देशित बमों का उपयोग किया और प्रारंभिक संकेत यह हैं कि लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया. इसने आगे कहा कि सुविधा के आसपास के क्षेत्र में कोई नागरिक बस्ती नहीं है और हमले से नागरिकों को किसी प्रकार के नुकसान का कोई संकेत नहीं है.

# नीमराना गोलीकांड में एनआइए का एक्शन

## होटल में फायरिंग के दो मुख्य आरोपी कटघरे में, चार्टशीट दायर

**नई दिल्ली, 4 जनवरी. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तानी आतंकवादी अर्श डाला से जुड़े और 2024 में नीमराना होटल में हुई गोलीबारी केस में दो मुख्य शूटरों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है.**





एनआईए से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पुनीत और नरिंदर लल्ली के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, हथियार कानून और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है. पंजाब के इन शूटरों ने ही हकीकत में गोलीबारी की थी और वे नीमराना (हरियाणा) के हाईवे किंग होटल के मालिकों को धमकी देने और उनसे जबरन वसूली मांगने में भी शामिल थे. इसके साथ ही इस मामले में अब तक कुल नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया जा चुका है. होटल में गोलीबारी सितंबर 2024 में खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के गैंगस्टर सिंडिकेट ने की थी, जिसका नेतृत्व घोषित आतंकवादी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला और बंबिया गैंग कर रहे थे.

गैंग के सदस्य दिनेश गांधी और सौरभ कटारिया हमले की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार थे, जिसे पुनीत और नरिंदर ने अंजाम दिया था तथा इन्हें डाला और गांधी का संरक्षण प्राप्त था. एनआईए ने जांच के दौरान पुनीत और नरिंदर की भूमिका का पता लगाया, जिन्होंने हमले में प्रतिबंधित हथियारों का इस्तेमाल किया था और सिंडिकेट की ओर से धमकी भी दी थी. यह भी पता चला कि दोनों केटीएफ के उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए सिंडिकेट से वित्त पोषण, रहने की जगह और हथियार प्राप्त कर रहे थे.

# 7 दिन की फ्रांस और लक्जमबर्ग की यात्रा पर एस. जयशंकर

**नई दिल्ली 4 जनवरी. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज से 10 जनवरी तक फ्रांस और लक्जमबर्ग की सात दिन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे. विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी वक्तव्य में बताया कि डॉ जयशंकर पेरिस में फ्रांसीसी नेतृत्व से मिलेंगे और विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट के साथ बातचीत करेंगे.**




जयशंकर वह भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के तहत हुई प्रगति और वैश्विक महत्व के मामलों पर चर्चा करेंगे. विदेश मंत्री विशिष्ट अतिथि के तौर पर फ्रांसीसी राजदूतों के सम्मेलन के 31वें संस्करण को भी संबोधित करेंगे. इसके बाद विदेश मंत्री लक्ज़मबर्ग भी जाएंगे, जहा वह लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ज़ेवियर बेट्टेल और लक्ज़मबर्ग के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे. वह भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे.

# योगी सरकार देगी नौकरियों की सौगात

## मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और नर्सिंग पदों पर भर्ती

**लखनऊ, 4 जनवरी. उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में योगी सरकार ने एक बड़ा और दूरदर्शी कदम उठाया है.**



वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण एवं तकनीकी पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जाएगी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया तेज कर दी है. इस पहल से करीब 1200 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी का अवसर मिलेगा, वहीं प्रदेश की मेडिकल शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी. चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य के 1112 पदों, आचार्य के 44 पदों तथा प्रवक्ता (फार्मेसी) के 11 पदों पर भर्ती की जाएगी. इन पदों के लिए अधियाचन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को भेज दिया गया है. विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही भर्ती से संबंधित विज्ञापन जारी किया जाएगा.

सरकार का मानना है कि मेडिकल कॉलेजों में योग्य शिक्षकों की उपलब्धता से छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा और शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा. इससे चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सकेगी. पिछले लगभग नौ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है और अब उनका सुचारु संचालन सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है. इसके साथ ही योगी सरकार नर्सिंग कैडर को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम उठा रही है. लोक सेवा आयोग से चयनित 1230 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे.

# ईरान में प्रदर्शनों के दौरान तीन की मौत

**तेहरान, 04 जनवरी. ईरान के पश्चिमी इलम प्रांत में शनिवार शाम विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई झड़पों में तीन लोगों की मौत हो गई.**

यह जानकारी अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फ़ार्स ने जानकार सूत्रों के हवाले से दी. मालेकशाही काउंटी में दंगाइयों ने एक कानून प्रवर्तन केंद्र पर हमला करने की कोशिश की जिसके कारण सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़पें हुईं. इसमें सुरक्षा बलों का एक जवान और दो दंगाइ मारे गए जबकि कई अन्य घायल हो गए. इससे पहले शनिवार को, फ़ार्स न्यूज़ एजेंसी ने कहा था कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर से संबद्ध बासिज स्वयंसेवी बल का एक सदस्य पश्चिमी प्रांत करमानशाह में हुई अशांति के दौरान मारा गया.


## कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल, इन्दौर (म.प्र.)

(E-mail :- jscjind@mp.gov.in. cjindore@gmail.com
Phone / Fax No. 0731-2540020)

क्रमांक 1146 निर्वाह / 2025 — इन्दौर, दिनांक 31/12/2025

**इलेक्ट्रिक फैंसिंग सिस्टम (वर्ष 2026-27)**

**-:: वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

केन्द्रीय जेल इन्दौर पर स्थापित इलेक्ट्रिक फैंसिंग सिस्टम के रख-रखाव तथा मरम्मत की सेवाऐं उपलब्ध करवाने हेतु ए. एम. सी. अनुबंध के लिए ई-निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर निम्न तालिकानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**- वार्षिक ई-निविदा (प्रथम आमंत्रण) कार्यक्रम का विवरण-**

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 19/01/2025, प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल इन्दौर |
| 2. | निविदा फार्म क्रय एवं निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 27/01/2026, सांय 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन क्रय किये जा सकेंगे। |
| 3. | ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 28/01/2026, सायं 05:00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल इन्दौर |
| 4. | ऑनलाईन वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 31/01/2026, प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल इन्दौर |

निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में किया गया कोई भी संशोधन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा, जिसकी सूचना केन्द्रीय जेल इन्दौर के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी। ई - निविदा से संबंधित संपूर्ण कार्यवाही कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल इन्दौर (म.प्र.) द्वारा की जावेगी।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल इन्दौर (म.प्र.)

G23899/25


## एक नजर में



### पाकिस्तान में हुई गोलीबारी में तीन की मौत

**इस्लामाबाद, 4 जनवरी.** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को हुई गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई. यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी. सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर शिन्हुआ से कहा कि सुबह हुई इस घटना में कुछ अज्ञात आतंकियों ने लक्की मारवत जिले में ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिस अधिकारियों पर गोलीबारी की और फरार हो गए. सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है और हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है. उन्होंने यह भी कहा कि घटना की जांच की जा रही है. सूत्रों ने कहा कि हाल के महीनों में प्रांत के कुछ हिस्सों में सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ लक्षित हमलों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है, जिसके कारण अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों को बढ़ाना पड़ा है.

### चीन-पाकिस्तान के बीच घनिष्ठता जरूरी : डिंग

**बीजिंग, 4 जनवरी.** चीन और पाकिस्तान के बीच रणनीतिक सहयोग को नई ऊंचाई देने पर जोर देते हुए चीनी उप प्रधानमंत्री डिंग जुएशियांग ने कहा है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देशों के रिश्तों को और अधिक घनिष्ठ बनाने की जरूरत है. बीजिंग में पाक उप प्रधानमंत्री इशहाक डार से मुलाकात के दौरान उन्होंने 'आयरन-क्लैड फ्रेंडशिप' को मजबूत करने का आह्वान किया. चीन के उप प्रधानमंत्री डिंग जुएशियांग ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशहाक डार से मुलाकात कर चीनङ्गपाकिस्तान संबंधों को नए युग में और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि साझा भविष्य वाली चीनङ्गपाकिस्तान साझेदारी को और घनिष्ठ करने के लिए दोनों देशों को मिलकर संयुक्त प्रयास करने होंगे. श्री डिंग ने कहा कि समय के साथ चीन और पाकिस्तान की 'आयरन-क्लैड फ्रेंडशिप' लगातार मजबूत होती गई है.

### हिमाचल- दलित छात्रा मौत की जांच तेज

**शिमला, 4 जनवरी.** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धर्मशाला के सरकारी डिग्री कॉलेज में 19 वर्षीय दलित छात्रा पल्लवी की मौत के मामले में त्वरित और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया. उन्होंने परिवार से फोन पर बातचीत कर संवेदना व्यक्त की और राज्य सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया. मुख्यमंत्री ने कहा दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी और प्रशासन परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है. धर्मशाला के सरकारी डिग्री कॉलेज की दूसरे वर्ष की छात्रा पल्लवी की मौत से पूरे हिमाचल प्रदेश में गहरा आक्रोश फैला है. 19 वर्षीय पल्लवी की 26 दिसंबर 2025 को लुधियाना के दयानंद मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी.

# निवेशकों की सुविधा केंद्र बिंदु हमारी नीतियां

## राजस्थान डिजिफेस्ट में सीएम का निवेशकों को संदेश

**जयपुर, 4 जनवरी. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार निवेशकों की आवश्यकताओं और सुविधाओं को केंद्र में रखते हुए नीतियों का निर्माण कर रही है.**



राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी, राजस्थान एआई एमएल पॉलिसी जैसी प्रमुख नीतियां लाई गई है जो राज्य को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में हब बनाएगी. श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 में आमंत्रित कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल से संवाद कर रहे थे. उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं. राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से आठ लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग निवेशकों का राजस्थान में विश्वास का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि यहां की अनमोल मिट्टी में निवेश करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति भी होती है. मुख्यमंत्री ने निवेशकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में राजस्थान आएं, राज्य सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है. हम सब मिलकर राजस्थान को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाएंगे. उन्होंने अधिकारियों को निवेशकों के साथ निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए उनके सुझाव और आवश्यकताओं पर त्वरित कार्य करने के निर्देश भी दिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है.


**Change Of Name**

I, Hom Singh R/o Vill-endori Teh- Gohad Dist-bhind Stat-Madhyapradesh Pin-477116 have changed my minor son's name from Suresh Singh Tomar to Suresh Singh.


## आज का इतिहास

1592 – मुगल बादशाह शाहजहां का जन्म.

1659 – खाजवाह की लड़ाई में औरंगज़ेब ने शाह शुजा को हराया.

1671 – छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से सल्हर क्षेत्र को अपने कब्जे में किया.

1893 – योगगुरू-आध्यात्मिक गुरू परमहंस योगानन्द का उप के गोरखपुर में जन्म.

1900 – जॉन एडवर्ड रेडमोंड ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह किया.


## कार्यालय सेनानी, 15 वीं वाहिनी विसबल, इंदौर (म. प्र.)

ई मेल co15bn_saf@mppolice.gov.in ✆ कार्यालय 0731-2619091,7049147274
क्र./ 15वीं बटा. / क्वा. मा. / P-3539 / 25, — दिनांक 31/12/2025

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

15वीं वाहिनी विसबल, इन्दौर को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विभागीय परिसंपत्ति अनुरक्षण मद में प्राप्त आवंटन से वाहिनी क्वार्टर गार्ड छत मरम्मत व वाहिनी हॉस्पिटल फिजियोथैरेपी कक्ष, पैथॉलाजी कक्ष व बरामदा सीमेंट शीट बदली/मरम्मत कार्य कराने के लिए आवश्यक जानकारी एवं टेण्डर फार्म, इच्छुक निविदाकारों के लिये निविदा शुल्क : रूपये 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) 8443- सिविल जमा-0055-पुलिस - 800 अन्य जमा में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में आनलाईन जमा कर विज्ञापन जारी होने के दिनांक से 14.01.2026 समय 11:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा की विस्तृत जानकारी मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in पर भी उपलब्ध है।
2. आनलाईन ई-निविदा केवल वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर तकनीकी एवं व्यावसायिक निविदा पृथक- पृथक जमा की जा सकेगी।
3. आनलाइन निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि 14.01.2026 समय 12:00 बजे तक है।
4. तकनीकी निविदा खोलने का दिनांक 15.01.2026 समय 12:00 बजे 15वीं वाहिनी विसबल, इन्दौर कार्यालय परिसर में खोली जावेगी।
5. व्यावसायिक निविदा खोलने का दिनांक 16.01.2026 समय 12:00 बजे 15वीं वाहिनी विसबल, इन्दौर कार्यालय परिसर में खोली जावेगी।

सेनानी
15वीं वाहिनी विसबल, इन्दौर

G23837/25



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ /स) संभाग छिन्दवाड़ा

e-mail:- eepwdlchhind@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना कं.09 / व.ले.लि. / 2025-26 / — छिंदवाडा, दिनांक 01.01.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेवसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

| स. क्रं. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 472560 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | सीताडोंगरी बम्हनी मार्ग लंबाई 16.00 कि.मी. एवं छिन्दीजोगीमुआर घाटामाली जुनाढाना कोहका दमुआ धमनिया मरकाढाना खिरेटी खुलसान बागवर्धिया झुर्रे मार्ग लं. 5.00 कि.मी. कुल 21.00 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 365.65 | 3,65,700/- | 15,000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 472561 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | रा. रा. मार्ग कं. 347 से राज्य मार्ग क्रं. 19 के मध्य व्हाया रोहनाकलां गुरैया पोआमा मार्ग लंबाई 9.20 कि.मी. एवं कबाडिया सुरगी मेढकीताल मार्ग लं. 5.00 कि.मी. कुल लंबाई 14.20 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 364.00 | 3,64,000/- | 15,000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 472563 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | हर्रई भेड़ा तेन्दनी जोगीवाड़ी हाथीखोह मार्ग लंबाई 6.00 कि.मी. एवं कोसमी कापरवाड़ी मार्ग लं. 13.30 कि.मी. कुल लंबाई 19.30 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 330.17 | 3,30,200/- | 15,000/- | 04 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 472564 | छिंदवाड़ा | सड़क कार्य | चौरई बायपास मार्ग लंबाई 4.60 कि.मी. में विशेष मजबूतीकरण का कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 278.41 | 2,78,500/- | 15,000/- | 03 माह वर्षाऋतु सहित |

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 16.01.2026. समय शाम 17.30 बजे तक है। ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेंगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेब साईट पर ही किया जावेंगा। पृथक से समाचार पत्रो में प्रकाशन नही किया जावेंगा।

(आकाश खरे)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (म/स) संभाग, छिन्दवाड़ा म.प्र.

G23890/25